# झाँसी नगर निगम, झाँसी।

पत्रांक :213/ सदन वि0 / न0नि0 / 2017–18 दिनांक , जनवरी, 16 ,2018

विषय : मा0 सदन की बैठक दिनांक 06.1.2018 की कार्यवृत्त का प्रेषण।

महोदय / महोदया,

दिनांक 06.01.2018 को सम्पादित मा0 सदन की बैठक का कार्यवृत्त आपकी सेवा में सादर संलग्न कर प्रेषित हैं।

संलग्नक :– यथोक्त् । भवदीय

( आर0पी0सिंह )
प्रभारी अधिकारी, सदन
झाँसी नगर निगम, झाँसी।

आर0 पी0 सिंह
प्रभारी अधिकारी सदन

प्रतिष्ठा में,

श्री / ~~श्रीमती~~ आई. टी. आफीसर,
~~मा0 पार्षदगण /~~ पदेन सदस्य
~~वार्ड क्रमांक~~ नगर निगम, झाँसी

# झाँसी नगर निगम, झाँसी।

**बैठक का स्थान :- नगर निगम प्रशासनिक भवन स्थित महारानी लक्ष्मीबाई सभाकक्ष**

समय :-12:00 बजे दोपहर

## नगर निगम मा0 सदन की प्रथम बैठक दिनांक 06.01.2018 का कार्यवृत्त

नगर निगम मा0 सदन की बैठक महारानी लक्ष्मीबाई सभाकक्ष में श्री रामतीर्थ सिंघल मा0 महापौर की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। बैठक में श्री रवि शर्मा मा0 विधायक सदर झाँसी, श्रीमती रमा निरंजन मा0 सदस्य विधान परिषद उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त जी ने सभाकक्ष में उपस्थित मा0 महापौर जी, पदेन सदस्यों, सभी पार्षदगणों तथा पत्रकार बन्धुओं का सदन की बैठक में उपस्थित होने पर हार्दिक अभिनन्दन किया।

प्रभारी सदन ने मा0 महापौर महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुये प्रस्ताव सं0–1 पढ़ा गया तथा नवनिर्वाचित मा0 पार्षदोंगणों से अपना परिचय प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया।

सभाकक्ष में उपस्थित मा0 पार्षदगणों ने वार्डवार कमबद्ध अपना परिचय प्रस्तुत किया ।

| क0सं0 | नाम पार्षद | वार्ड सं0 / वार्ड का नाम |
|---|---|---|
| 01 | श्रीमती उर्मिला | 01–हंसारी गिर्द प्रथम |
| 02 | श्रीमती जामवती | 02–तालपुरा प्रथम |
| 03 | श्री कमलेश भारती | 03–भट्टागांव |
| 04 | श्रीमती शान्ती उर्फ इन्दु | 04–खुशीपुरा प्रथम |
| 05 | श्री सिद्धार्थ अहिरवार | 05–ईसाईटोला प्रथम |
| 06 | श्री विमल किशोर | 06–नैनागढ |
| 07 | श्रीमती स्वेता यादव | 07–कछियाना पुलिया न0–9 |
| 08 | श्रीमती कान्ति छत्रपाल | 08–नई वस्ती प्रथम |
| 09 | श्री अरविन्द कुमार | 09–हसारी गिर्द द्वितीय |
| 10 | श्री पुष्पेन्द्र | 10–नैनागढ दक्षिण प्रथम |
| 11 | श्री प्रदीप | 11–बाहर सैंयर गेट |
| 12 | श्री रविन्द्र कुमार लवली | 12–स्कूल पुरा |
| 13 | श्री पुष्पेन्द्र कुमार | 14–खुशीपुरा द्वितीय |
| 14 | श्री छोटेलाल | 15– गढियागॉव |
| 15 | श्री महेश गौतम | 16–मसीहागंज |
| 16 | श्री जुगल किशोर | 17–नन्दनपुरा द्वितीय |
| 17 | श्रीमती गीता देवी | 18–तालपुरा द्वितीय |
| 18 | श्रीमती अंशु राय | 19– बंगलाघाट |
| 19 | श्री अमन | 20–गुदरी |
| 20 | श्रीमती ममता | 21–सिमरधा |
| 21 | श्रीमती गायत्री | 22–बिजौली |
| 22 | श्री संजय सिंह राजपूत | 23– लहरगिर्द प्रथम |

Ramtirth Singhal

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

| | | |
|---|---|---|
| 23 | श्रीमती कमला | 24–सिमराहा |
| 24 | श्री शेख शाहिद | 25– बगीचा पुलिया न0–9 |
| 25 | श्री गोविन्द नाथ | 26–ईसाईटोला द्वितीय |
| 26 | श्री बालकिशन | 27–डडियापुरा द्वितीय |
| 27 | श्री भरत कुमार | 29–नैनागड दक्षिण द्वितीय |
| 28 | श्रीमती रामकुमारी यादव | 30– अलीगोल प्रथम |
| 29 | श्रीमती रामकुमारी | 31– लहरगिर्द द्वितीय |
| 30 | श्रीमती प्रियंका साहू | 33– ओरछा गेट के बाहर |
| 31 | श्री जितेन्द्र सिंह | 34– नई वस्ती द्वितीय |
| 32 | श्री कमर खातून | 35– नन्दनपुरा प्रथम |
| 33 | श्री उमेश जोशी | 36– प्रेमगंज द्वितीय |
| 34 | श्रीमती भगवती | 37– बाहर दतिया गेट द्वितीय |
| 35 | श्री अविनाश | 38– अलीगोल द्वितीय |
| 36 | श्रीमती अजीदा मकरानी | 39– बाहर दतिया गेट प्रथम |
| 37 | श्री सुरेन्द्र कुमार साहू उर्फ राजू साहू | 40– आजादगंज |
| 38 | श्री विद्या प्रकाश दुबे | 41–- नन्दनपुरा तृतीय |
| 39 | श्री आशीष | 42– सागरगेट |
| 40 | श्री दिनेश प्रताप | 43– नानकगंज |
| 41 | श्री राजेश | 44– सिविल लाइन उत्तरी |
| 42 | श्री अब्दुल जाविर | 45–छनियापुरा |
| 43 | श्री कन्हैया कपूर | 46– प्रेमगंज प्रथम |
| 44 | श्री नीरज गुप्ता | 47– तलैया |
| 45 | श्री सुलेमान अहमद मंसूरी | 48– मेवातीपुरा |
| 46 | श्रीमती सुशीला गोकुल दुवे | 49–सिविल लाइन पश्चिमी |
| 47 | श्री किशोरी | 50– डडियापुरा प्रथम |
| 48 | श्री विकास खत्री | 51– सिविल लाइन दक्षिणी भाग द्वितीय |
| 49 | श्री अनीस | 52– मुकरयाना |
| 50 | श्री लखन कुशवाहा | 53–बाहर खण्डेराव गेट |
| 51 | श्रीमती रमा | 54–बाहर ओरछा गेट प्रथम |
| 52 | श्री सुनील | 55–सिविल लाइन दक्षिणी |
| 53 | श्री अनिल सोनी | 56– टौरिया नरसिंह राव |
| 54 | श्री दिनेश सिंह उर्फ दीपू | 57– सीपी मिशन कम्पाउण्ड |
| 55 | श्री मुकेश सोनी | 58– गुसाईं पुरा |
| 56 | श्री निर्दोष अग्रवाल | 59– डरूभोडेला |
| 57 | श्री प्रदीप नगरिया | 60– लक्ष्मनगंज |

तत्पश्चात सभाकक्ष में उपस्थित नगर निगम के समस्त अधिकारियों ने अपना नाम एवं पदनाम सहित अपने कार्यों का विवरण के साथ परिचय प्रस्तुत किया गया।

<u>प्रस्ताव सं0 2:–</u> नगर निगम झाँसी द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण –2018 की तैयारियों के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण।

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

विचार विमर्शः— नगर आयुक्त जी द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण –2018 के परिपेच्छय में नगर निगम झाँसी द्वारा कराये जा रहे कार्यों / प्रयासों से मा0 सदन को अवगत कराया गया, तथा मा0 नगर विकास मंत्री के पत्र दिनाँक 30.01.2018 को पढ़ कर सुनाया गया मा0 मंत्री द्वारा उपरोक्त पत्र में नगर निकायों के महापौर / अध्यक्षों व पार्षदों को नव-वर्ष की शुभकामनायें देते हुये स्वच्छ भारत मिशन (एस0बी0एम0) के अन्तर्गत 4 जनवरी 2018 से प्रारम्भ हो रहे है स्वच्छ सर्वेच्छण 2018 के सम्बन्ध में बताया कि वर्ष–2017 में यह सर्वेक्षण 434 शहरों के बीच किया गया था, जबकि इस वर्ष के सर्वेक्षण 4041 शहरों के बीच किया जा रहा है। गत वर्ष के सर्वेक्षण में सम्मिलित प्रदेश के 60 (साठ) शहरों की स्थिति संतोषजनक नहीं थी। इस वर्ष विभाग द्वारा समय समय पर संबन्धित अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेच्छण सम्बन्धी गोष्ठियाँ कर इस विषय पर समुचित निर्देश व सुझाव दिये गये है।

स्वच्छ सर्वेक्षण में कुल 4000 अंक है जिनमें से 1400 अंक सिटीजन फीड बैक के है, जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

| नागरिक प्रतिकिया | अंक |
|---|---|
| • क्या आप जानते है कि आपका शहर स्वच्छता रैकिंग के लिये स्वच्छ सर्वेच्छण–2018 में भाग ले रहा है ? | 175 |
| • क्या पिछले साल के मुकाबले आपका क्षेत्र साफ है ? | 175 |
| • इस साल क्या आपने सार्वजनिक क्षेत्रों में कूडे के डिब्बों का उपयोग शुरू कर दिया गया है ? | 150 |
| • क्या आप इस वर्ष अपने घर से अलग –अलग कचरा एकत्र किये जाने की व्यवस्था से संतुष्ट है ? | 175 |
| • क्या आपको लगता है कि पिछले वर्ष के मुकाबले मूत्रालय / शौचालय की संख्या में बढोत्तरी हुयी है, जिससे शहर में खुले में पेशाब / शौच कम हो गया है ? | 150 |
| • क्या सामुदायिक / सार्वजनिक शौचालय अधिक साफ और स्वच्छ है ? | 175 |
| • क्या आपने जनवरी ,2017 से जनवरी 2018 के बीच स्वच्छता एप डाउनलोड किया है ? | 150 |
| • समय सीमा के अन्तर्गत शिकायतों का निवारण ? | 150 |
| • क्या स्वच्छता ऐप में अप्रैल, 2017 से दिसम्बर, 2017 के मध्य शीर्ष शहरों में प्रदर्शित किया गया है ? | 100 |
| कुल योगः | 1400 |

मा0 मंत्री जी ने आग्रह किया है कि , नगर निकाय स्वच्छता के सभी मुददों पर अच्छा कार्य करते हुये , नागरिकों को एक सकारात्मक संदेश दें उनकी सहभागिता प्राप्त कर ,सिटीजन फीडबैक मद हेतु आरक्षित अंकों में प्रदेश को अच्छे अंक प्राप्त करायें । उन्होंने आगे बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम का निरन्तर अनुश्रवण कर रहे है, तथा नगर विकास विभाग भी इस बात पर पूर्ण रूप से सजग एवं प्रयासरत है कि वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश के शहर अपने अपने क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेच्छण –2018 के सभी मापदण्डों पर अच्छा प्रदर्शन कर सकें। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छ वातावरण निर्माण करने पर विशेष बल दिया है।

इसी के अनुरूप मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी चाहते है कि हमारा प्रदेश स्वच्छता में आगे रहे। सभी महापौर / अध्यक्ष से नगरीय क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण के लिये नियत 4000 अंक के प्रत्येक मद पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा के निर्देश भी प्रदेश के समस्त 653 निकायों को देते हुये स्वच्छ सर्वेक्षण–2018 के मापदण्डों के अनुसार यथाः डाक्यूमेन्टेशन, प्रत्यक्ष पयर्वेक्षण व नागरिक प्रतिकिया श्रेष्ठकर प्रदर्शन कर सकें।

Ramtirth Singhal

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

स्वच्छता के इस पूरे मिशन को सफल अंजाम तक पहुँचाने के लिये इसे जन–आन्दोलन के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। अतः निकाय के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों से अनुग्रह करते हुये उनसे अपने कार्यक्रमों में शहर की स्वच्छता सुनिश्चित करने के मुद्दे पर भी नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिये संदेश देना चाहें। ताकि हमारा शहर स्वच्छता–2018 में गौरव पूर्ण स्थान प्राप्त कर सके।

श्री राकेश साहू आई0टी0एक्सपर्ट ने झाँसी महानगर को स्वच्छता सर्वेक्षण–2018 में न0–1 में लाने के लिये स्वच्छता ऐप पर विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया।

श्री रवि शर्मा मा0 विधायक जी ने कहा कि यह सदन की पहली परिचय बैठक है कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के चुनाव के पश्चात सदन की बैठकें होंगी आप सबकी समस्यायें दूर होंगी मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का स्वच्छ भारत मिशन का सपना घर–घर तक पहुँचाना है, प्रदेश में मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का संदेश पूरे राज्य में खुशहाली लाना है तथा शान्ति का वातावरण हो झाँसी शहर के सृजनात्मक विकास के लिये सदन की बैठकों में चर्चा करेंगे विभिन्न दलों की विचारधारा भावना से उठकर कार्य करेंगे वाद विवाद संवाद होगा उसी से विकास की रास्ता निकलेगी हम लोग विकास के संकल्प के साथ चुनकर आये है। झाँसी को नम्बर–01 बनाने का कार्य करेंगे झाँसी के विकास को दृष्टिगत रखते हुये कार्ययोजनायें बनेंगी तथा विधानसभा में झाँसी की बात रखने को कृत संकल्पित हूँ। झाँसी के विकास में आ रही विसंगतियों को दूर करने का प्रयास होगा।

**प्रस्ताव सं0–3** : कार्यकारिणी समिति के बारह सदस्यों के निर्वाचन कि तिथि नियत करने पर विचार।

**विचार विमर्श**–: मा0 महापौर जी ने दिनाँक 24–01–2018 को कार्यकारिणी समिति के बारह सदस्यों के निर्वाचन हेतु तिथि निर्धारित कर चुनाव कराने का निर्णय लिया गया।

निर्णयः– सर्वसम्मति से स्वीकृत।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से माननीय पार्षद गणों द्वारा वार्ड की समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।

श्री कन्हैया कपूर पार्षद ने कहा कि सीपरी बाजार में सेतु निगम द्वारा बनाये जा रहे ओवर ब्रिज के निर्माण में हो रहे विलम्ब तथा कम्पनी द्वारा दोनों ओर सर्विस लेन न बनाये जाने पर ओवर ब्रिज के नीचे चित्रा चौराहे से रस बहार चौराहे तक जगह–जगह बडे बडे गढ्ढों की रिपेयरिंग ना होने पर निकलने वाले वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सदन की बैठक में नगर निगम द्वारा सर्विस लेन बनाये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया था लेकिन नगर निगम द्वारा 8 माह व्यतीत होने के बाद भी उस प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही नही की गई है।

श्री अमित शर्मा अधिशासी अभियन्ता ने कहा कि उक्त सडक पी0डब्ल्यू0डी0 के अन्तर्गत आती है जिसके कारण उस सर्विस लेन को नही बनाया जा सका।

मा0 महापौर जी ने कहा कि राज्य सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे ओवर ब्रिज निर्माण की सामग्री एवं मलवा मौके से शीघ्र हटवाया जाये तथा आवागमन हेतु रोड साइड पटरी खाली कराकर शीघ्र सर्विस लेन का निर्माण कराया जाये, उचित होगा कि सेतु निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या का शीघ्र समाधान किया जाये।

श्रीमती कॉन्ति छत्रपाल मा0 पार्षद ने कहा कि मेंहदीबाग में बनी हुई पुलिया छतिग्रस्त हो गई है जिसके निर्माण कराये जाने हेतु लगभग 20 दिन पहले पत्र दिया गया था लेकिन उस पर आजतक कोई कार्यवाही नही की गयी वार्ड में कई जगह सडकें क्षतिग्रस्त है।

नगर आयुक्त जी द्वारा मुख्य अभियन्ता को निरीक्षण कर समस्या का निस्तारण करने के निर्देष दिये गये।

श्री राजेश मा0 पार्षद वार्ड न0–44 ने कहा कि उनके वार्ड में जो सफाई कर्मचारी कार्यरत है वह अधिकारियों के बंगलों में लगे हुये है। सफाई कर्मचारियों की कमी है, अतः कर्मचारी बढाये जायें।

श्रीमती सुशीला दुवे मा0 पार्षद ने कहा कि वार्ड के परिसीमन होने के बाद वार्ड का विस्तार हो चुका है, सफाई कर्मचारी बढाये जायें, तथा वार्ड में एक हवलदार से ही कार्य कराया जायें।

नगर आयुक्त जी द्वारा नगर स्वास्थ अधिकारी को कर्मचारियों की वीटों का निर्धारण करने तथा आवश्यकतानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देष दिये गये।

श्री सुलेमान अहमद मंसूरी मा0 पार्षद ने कहा कि वार्ड में दो मन्दिर स्थित है 13 वर्ष पूर्व एक महिला सफाई कर्मचारी का निधन हो गया था उसके बाद वहाँ आज तक सफाई नहीं हुई है अतः वार्ड में

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

सफाई कर्मचारी बढाये जाये तथा उन्होंने सफाई कर्मचारियों को गर्म वर्दी एवं दस्ताने दिये जाने की माँग की जिससे इस भीषण सर्दी में कर्मचारियों को कार्य करने में दिक्कत न हो।

नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि शासनादेशानुसार कर्मचारियों को गरम वर्दी दिया जाना प्रस्तावित है।

श्री प्रदीप खटीक मा0 पार्षद ने कहा कि एक माह पूर्व दिये गये वार्ड में सडक मरम्मत एवं अन्य निर्माण कार्य के पत्रों पर आज तक कोई कार्यवाही नही की गई है अतः प्रत्येक वार्ड में कम से कम तीन लाख रूपये से अन्य मरम्मत के कार्य कराये जायें।

श्री दिनेश प्रताप ( बन्टी राजा ) मा0 पार्षद ने कहा कि पूर्व में नगर निगम सदन की बैठक में प्रत्येक वार्ड में निर्माण कार्यो के लिये समस्त अवर अभियन्ताओं को दो लाख रूपये तक के ऐस्टीमेट बनाकर निर्माण कार्य कराने के लिये स्वीकृति प्रदान की गयी थी। अतः जब तक निर्माण से सम्बन्धित कार्य स्वीकृत नहीं होते तब तक प्रत्येक वार्ड में कम से कम दो लाख रूपये तक के सडक व नाली निर्माण से सम्बन्धित कार्य करा लिये जायें।

श्री दिनेश सिंह उर्फ दीपू मा0 पार्षद ने कहा कि मा0 महापौर जी मरम्मत से सम्बन्धित छोटे कार्यो के लिये एक धनराशि निर्धारित कर दीजिये।

मा0 महापौर जी ने समस्त वार्डों में दो लाख रूपये तक निर्माण से सम्बन्धित रिपेयरिंग कार्यों को कराये जाने के निर्देश दिये गये।

श्री पुष्पेन्द्र मा0 पार्षद ने कहा कि मृत जानवरों को उठाने की क्या व्यवस्था है।

डा0 आर0के0निरंजन पशु चिकित्शाधिकारी ने कहा कि मृत पशु शव निस्तारण का कार्य ठेके के माध्यम से कराया जा रहा है, ठेकेदार के द्वारा मरे हुये जानवरों को उठाने हेतु रू0 200/– से रू0 500/– की माँग की जाती है।

नगर आयुक्त जी ने कहा कि निश्चित रूप से व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है, ठेकेदार को नोटिस निर्गत करने के निर्देश पशु चिकित्साधिकारी को दिये गये।

श्रीमती अंशु राय मा0 पार्षद ने कहा ने नगर में गायों के संरक्षण हेतु कार्यरत संस्था को उनके मृत शरीर को दफनाने के लिये जगह उपलब्ध कराये जाने की माँग की।

नगर आयुक्त जी ने कहा कि आवारा गायों के लिये शासन स्तर से गौवंश वनविहार बनाये जाने का प्रपोजल बनाया गया है बिजौली में 110 एकड जमीन चिन्हित कर ली गयी है इसके अलावा राजगड में 4 एकड भूमि कान्हा उपवन के लिये एक करोड इकसठ लाख का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। बजट प्राप्त होने पर अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा बिजौली में एक कांजीहाऊस बनाया जा रहा है उसमें उन दूध देने वाली गायों को बन्द किया जायेगा जिनके पालक दूध देने के बाद खुला छोड देते है। पशुओं को छुडवाने पर उनके पालकों से जुर्माना भी वसूल किया जायेगा।

अन्त में मा0 महापौर जी ने सदन की प्रथम बैठक में उपस्थित श्री रवि शर्मा मा0 विधायक सदर एवं सभी मा0 पार्षदगणों, सभी पत्रकार बन्धुओं को धन्यवाद देते हुये सदन की बैठक समाप्त करने की घोषणा की।

Ramtirath Singhal

( रामतीर्थ सिंघल )
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी।

(रामतीर्थ सिंघल)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी